



# आपका स्वास्थ्य आपका भविष्य

## सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाएं

Hindi | हिन्दी




### गर्भाशय ग्रीवा क्या है?

गर्भाशय ग्रीवा प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है। यह योनि के शीर्ष पर होता है और योनि को गर्भाशय (जिसे गर्भ भी कहा जाता है) से जोड़ता है।

### एचपीवी क्या है?

ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) एक सामान्य वायरस है जो त्वचा से त्वचा के यौन संपर्क सहित यौन संपर्क के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। एचपीवी सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है।

### गर्भाशय ग्रीवा  का कैंसर क्या है?

गर्भाशय ग्रीवा (cervix) का कैंसर एक गंभीर बीमारी है। **प्रारंभिक अवस्था में, इसका कोई लक्षण नहीं हो सकता है।** सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट उन परिवर्तनों का पता लगा सकता है जो कैंसर में विकसित हो सकते हैं।

**परीक्षण जीवन रक्षक हो सकता है।**

### सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट क्या है?

पैप स्मीयर की जगह सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट ने ले ली है। यह एचपीवी के लिए परीक्षण करता है और डॉक्टर या नर्स द्वारा किया जाता है या आप इसे स्वयं कर सकती हैं।

परीक्षण त्वरित और **सुरक्षित** है। यह कभी-कभी असहज हो सकता है लेकिन दर्दनाक नहीं। यह कौमार्य को प्रभावित नहीं करता है।

आप :

- एक महिला डॉक्टर या नर्स के लिए **पूछ सकती हैं**
- दुभाषिया के लिए **पूछ सकती हैं**
- एक दोस्त या साथी / पति को साथ ले जा सकती हैं

### आपको परीक्षण करवाने की आवश्यकता कब होती है?

यदि आपकी आयु 25 वर्ष या उससे अधिक है और आपने कभी कोई यौन संपर्क किया है, तो परीक्षण के लिए डॉक्टर या नर्स के साथ अपॉइंटमेंट बुक करें।

जब तक आप 74 वर्ष के नहीं हो जाते, **तब तक आपको हर पांच साल में एक नियमित सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट** करवाना चाहिए। भले ही आपके पिछले परीक्षण का परिणाम अच्छा रहा हो, आपको अपना अगला परीक्षण बुक करने के लिए एक रिमाइंडर प्राप्त होना चाहिए।

### एचपीवी वैक्सीन क्या है?

ऑस्ट्रेलिया में एक वैक्सीन है जो लोगों को एचपीवी और सर्वाइकल कैंसर से बचाने में मदद करती है।

लड़कों सहित सभी छात्रों को वर्ष 7 में एचपीवी टीका मुफ्त लगाया जा सकता है। यदि आप माता-पिता या देखभालकर्ता हैं , तो आपको हस्ताक्षर करने के लिए एक पत्र प्राप्त होगा।

यदि आप अपने बच्चे को टीका लगवाना चाहते हैं, तो हस्ताक्षर करने के बाद आप उसे स्कूल वापस भेज दें। यह टीका आपके बच्चे को एचपीवी से बचाने में मदद करेगा जब वे यौन गतिविधि शुरू करते हैं या शादी करते हैं।

यदि आपका बच्चा स्कूल में टीका लगवाने से चूक गया है, तब भी वे 25 वर्ष की आयु तक इसे मुफ्त में लगवा सकते हैं। यदि आप एक वयस्क के रूप में टीका लगवाना चाहते हैं, तो अपने डॉक्टर से पूछें।

यदि आपने एचपीवी वैक्सीन लगवा लिया है तब भी आपको 25 साल की उम्र से एक सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट  करवाने की आवश्यकता है, क्योंकि यह टीका सभी प्रकार के एचपीवी से रक्षा नहीं करता है।

यह टीका सुरक्षित है, इससे कैंसर नहीं होता है और इससे भविष्य में बच्चे पैदा करने में समस्या नहीं होती है।

true
relationships & reproductive health

Queensland Government

V1-20210513

# सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट जीवन रक्षक हो सकता है

## ज्यादातर लोग जिन्हें सर्वाइकल कैंसर होता है, उनका कभी भी सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं हुआ होता है या पिछले पांच वर्षों में टेस्ट नहीं हुआ होता है।

शीघ्र और सुरक्षित

अपने परिवार के लिए स्वस्थ रहें

## सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कैसे किया जाता है?

**आपके पास दो विकल्प हैं।**

आप अपना स्वयं का सैम्पल (नमूना) एकत्र कर सकती हैं, या आपका डॉक्टर या नर्स आपका नमूना एकत्र कर सकते हैं। दोनों विकल्प सटीक और सुरक्षित हैं।


### डॉक्टर/नर्स क्लेक्शन

गोपनीयता के लिए आप अपने निचले आधे हिस्से को एक शीट से ढक सकती हैं।

डॉक्टर या नर्स योनि में एक स्पेक्युलम डालते हैं।

फिर वे गर्भाशय ग्रीवा से एक नमूना लेने के लिए एक नरम छोटे ब्रश का उपयोग करते हैं और इसे परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला में भेजते हैं।

जब परिणाम तैयार हो जाएंगे, तो डॉक्टर या नर्स आपसे संपर्क करेंगे। यदि नहीं, तो अपने परिणाम के लिए क्लिनिक से संपर्क करें।






यदि आपको मिलने के लिए वापस आने के लिए कहा जाता है, तो यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप उपस्थित हों।

### सेल्फ कलेक्शन (खुद से क्लेकट करना)


डॉक्टर या नर्स आपको एक स्वैब देंगे और बताएंगे कि क्या करना है।

आप क्लिनिक के कमरे में या बाथरूम में एक पर्दे के पीछे निजी तौर पर अपना नमूना एकत्र कर सकती हैं।

पैकेज से स्वाब निकालें और योनि के अंदर कुछ सेंटीमीटर तक इसे डालें।

स्वैब को 10-30 सेकेंड के लिए घुमाएं, फिर इसे निकाल लें और वापस पैकेज में डाल दें।

आप किसी भी समय अपने डॉक्टर या नर्स से मदद मांग सकती हैं।



जिन महिलाओं का कर्तन या परिच्छेदन हुआ है, वे अभी भी परीक्षण के बारे में पूछ सकती हैं।

टेस्ट करवाएं
हर 5 साल में

**सर्वाइकल कैंसर से सबसे अच्छी सुरक्षा हर 5 साल में सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना है।**

## आप सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कहां करवा सकती हैं?

- डॉक्टर (जीपी) क्लिनिक। पूछें कि क्या वे "ब्ल्क बिल" (मुफ्त) करते है
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
- **ट्रूक्लिनिक** - ब्रिस्बेन, इप्सविच, टूवूम्बा, केर्न्स और रॉकहैम्प्टन में स्थित है

### ट्रूक्लिनिक ब्रिस्बेन से संपर्क करें

07 3250 0200
clinicreception@true.org.au
**true.org.au/clinic**

सरवाइकल स्क्रीनिंग महत्वपूर्ण है

true
relationships & reproductive health

यह संसाधन सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी स्वास्थ्य सलाहकार समूह और सामुदायिक परामर्श के सहयोग से बनाया गया था।

Queensland Government

V2-20220118